प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृहविज्ञान महाविद्यालय में तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 02 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग में 'फल एवं सब्जी परिरक्षण तकनीक' विषय पर तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी महिलाओं के लिए कौशल विकास संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। उन्होंने कहा हमें अपने खान–पान में पोष्टिक आहार लेना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ्य रहे। उन्होंने महिलाओं को साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने की भी बात कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा प्रकल्प संस्थान, श्री डालचंद ने महिलाओं को स्थानीय खाद्य व्यंजनों एवं उनके सेवन से होने वाले विशिष्ट लाभों के बारे में जानकारी दी एवं उत्तराखण्ड से लुप्त होते पारंपरिक खाद्य व्यंजनों के बारे में चिन्ता व्यक्त की।

इस उपलक्ष्य में विभाग द्वारा उत्तराखण्ड के स्थानीय मोटे अनाज जैसे मंडुआ, कौणी, झंगोरा आदि के बीजों तथा इनसे निर्मित स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद जैसे भट्ट की चुरकाणी, भांग की चटनी, झंगोरा की खीर आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गयी।

कार्यक्रम में अधिष्ठात्री, गृहविज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल, एवं विभागाध्यक्ष, खाद्य एवं पोषण विभाग, डा. अनुराधा दत्ता ने महिलाओं को उचित पोषण की महत्ता समझाते हुये उनका उत्साहवर्धन किया तथा स्वरोजगार के लिये उन्हें प्रेरित किया। प्राध्यापक, डा. अर्चना कुशवाहा ने कार्यक्रम की रूप–रेखा बतायी। अंत में कार्यक्रम संयोजक, सहायक प्राध्यापक, खाद्य एवं पोषण विभाग, डा. नीतू डोभाल ने सभी उपस्थित अतिथिगण एवं लाभार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऊधम सिंह नगर जिले के गदरपुर ब्लॉक के 5 ग्राम सभाओं की अनुसूचित जाति की 34 महिलाओं को विभिन्न खाद्य परिरक्षण तकनीकों से प्रशिक्षित किया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते कुलपति, डा. मनमोनह सिंह चौहान।